हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

करें उत्सव की
शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

खबर संक्षेप



फरसगांव में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर मंथन

फरसगांव। नगर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सड़क दुर्घटनाओं सहित चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे जनपद पंचायत भवन के सभागार में बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में नगर की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, चोरी एवं अन्य अपराधों पर नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए तकनीकी उपायों के उपयोग पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य लोगों ने नगर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा अपराधों की रोकथाम के संबंध में अपने सुझाव रखे। बैठक में तहसीलदार अंकुर रात्रे, थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास, नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे सहित सभी पार्षद, नगर के व्यापारीगण, वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आपसी समन्वय के माध्यम से फरसगांव में सुरक्षित वातावरण तैयार करने और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी पहल करना रहा।

ओडिशा से मक्का का अवैध परिवहन, मंडी विभाग ने वसूले 11237 रुपए

जगदलपुर। राज्य कृषि विपणन बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक के निर्देश पर कृषि उपज मंडी समिति कोंडागांव के निरीक्षण दल ने अवैध रूप से मक्का का परिवहन करते एक वाहन को पकड़ा। गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे अमरावती से छिनारी मार्ग पर की गई कार्रवाई के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 17 केएन 1548 में 45 क्विंटल मक्का पाया गया। यह मक्का ओडिशा प्रांत की ओर से लाया जा रहा था। निरीक्षण दल ने अधिसूचित कृषि उपज मक्का का मंडी अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत परिवहन किए जाने पर नियमानुसार जब्ती प्रकरण तैयार किया।

बड़ेकनेरा में 4.12 करोड़ से बनेगी 3.60 किमी सड़क

कोण्डागांव। ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। कोण्डागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने नरेश पोयाम के घर से डोंगरीगुड़ा तक 3.60 किमी लंबी सड़क के डामरीकरण एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस कार्य पर 412.37 लाख यानी लगभग 4.12 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। बड़ेकनेरा में नरेश पोयाम के घर से डोंगरीगुड़ा तक 3.60 किलोमीटर लंबी सड़क का डामरीकरण किया जाएगा।

पचमढ़ी एडवेंचर कैंप में कोंडागांव के 46 रोवर-रेंजरों ने दिखाया साहस, पहली रेल यात्रा बनी यादगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

पांच दिवसीय शिविर में 23 रोवर और 23 रेंजरों ने लिया हिस्सा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में आयोजित पांच दिवसीय एडवेंचर कैंप में कोण्डागांव जिले के 46 रोवर–रेंजरों ने भाग लिया। 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित शिविर में जिले से 23 रोवर, 23 रेंजर और चार प्रभारी सहित कुल 50 सदस्यीय दल शामिल हुए। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न साहसिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं, जिले के कई बच्चों के लिए पहली बार रेल यात्र करना भी यादगार अनुभव रहा।

पचमढ़ी में आयोजित एडवेंचर कैंप में कोण्डागांव के साथ बलौदाबाजार, सरगुजा एवं खैरागढ़–छुईखदान–गंडई सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के स्काउट–गाइड प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा तमिलनाडु, आगरा और केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ सहित विभिन्न क्षेत्रें से आए स्काउट–गाइड लीडर्स भी शिविर में शामिल हुए। शिविर के दौरान रोवर–रेंजरों ने कमांडो नेट, चिमनी क्लाइंबिंग, रॉक क्रॉसिंग, लीडर क्रॉसिंग, टनल क्रॉसिंग, टायर वॉक, बैलेंसिंग ब्रिज और लीडर क्लाइंबिंग जैसी विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी शारीरिक दक्षता और साहस का प्रदर्शन करने का अवसर मिला।

साहसिक गतिविधियों के दौरान बच्चों ने अनुशासन, टीम भावना और आपसी सहयोग का महत्व सीखा। शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक दक्षता और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करना था। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने पचमढ़ी के प्रसिद्ध प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। बच्चों ने जटाशंकर, बी फॉल और पांडव गुफा सहित अन्य दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से देखने और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझने का अवसर मिला। कोण्डागांव जिले के दल के साथ प्रभारी के रूप में धनेश्वर प्रसाद, रोहित कुमार समरथ, श्रीमती संगीता सोरी एवं श्रीमती शशिकला ठाकुर शामिल रहे। उन्होंने पांच दिवसीय शिविर के दौरान प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया तथा विभिन्न गतिविधियों के संचालन में सहयोग दिया। यह शिविर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला संरक्षक एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, जिला संगठन आयुक्त गाइड संजना हरमीत तथा जिला सचिव चमनलाल सोरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय–समय पर प्रशिक्षण शिविर, शैक्षणिक भ्रमण और साहसिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इन आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे गुण विकसित करने का प्रयास किया जाता है।

सात दिन का अल्टीमेटम, समाधान नहीं तो आंदोलन

केशकाल के वार्ड 13 और 15 में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल



नगर पंचायत केशकाल के वार्ड 13 और 15 में पेयजल संकट को लेकर वार्डवासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे नागरिकों ने अब सामूहिक रूप से प्रशासन के सामने अपनी मांग रखी है। वार्डवासियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने के साथ ही विधायक नीलकंठ टेकाम, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केशकाल और नगर पंचायत प्रशासन से भी समस्या के निराकरण की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि सात दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

वार्डवासियों के अनुसार, क्षेत्र में पिछले डेढ़-दो वर्षों से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस संबंध में पार्षदों और नगर पंचायत अध्यक्ष को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। नागरिकों का कहना है कि करीब आठ महीने पहले भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद बार-बार गुहार लगाने के बाद भी राहत नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सामूहिक ज्ञापन में वार्डवासियों ने पेयजल संकट दूर करने के लिए प्रमुख मांगें रखी हैं। उन्होंने बड़पारा क्षेत्र में स्थित टंकी से तत्काल पेयजल आपूर्ति शुरू करने, बड़पारा चबूतरा के पास स्थित हैंडपंप में मोटर पंप लगाकर पानी की टंकी स्थापित करने तथा मार्च 2025 से अब तक का जलकर माफ करने की मांग की है। वार्डवासियों का कहना है कि जब इस अवधि में पेयजल की नियमित आपूर्ति नहीं हुई, तो जलकर वसूलना उचित नहीं है।

प्रभारी सीएमओ को हटाने की भी मांग

वार्डवासियों ने नगर पंचायत केशकाल के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नामेश्वर कावड़े को पद से हटाने की मांग भी उठाई है। उनका आरोप है कि समस्या से बार-बार अवगत कराने और जनप्रतिनिधियों द्वारा पहल किए जाने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते आम नागरिकों को बुनियादी सुविधा के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

सात दिन में समाधान नहीं तो आंदोलन

वार्डवासियों ने कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने और पेयजल संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सात दिनों के भीतर उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। अब देखना होगा कि प्रशासन वार्ड क्रमांक 13 और 15 के नागरिकों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

नेशनल हाईवे-30 पर हादसा ट्रक में दबने से चालक की मौत

केशकाल। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर केशकाल विकासखंड के ग्राम खालेमुरवेंड के पास गुरुवार सुबह करीब 9 बजे एक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। धमतरी से चावल लेकर कोंडागांव की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा गिरा। हादसा इतना गंभीर था कि चालक वाहन के भीतर ही बुरी तरह फंस गया। उसे बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, चावल से लदा ट्रक धमतरी से कोंडागांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान खालेमुरवेंड के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सड़क से नीचे खेत में जा गिरा। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक के भीतर दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। दुर्घटना में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था और चालक का शव वाहन के भीतर फंसा हुआ था। ऐसे में शव को बाहर निकालने के लिए क्रेन की सहायता लेनी पड़ी। हादसे की खबर फैलते ही घटनास्थल पर लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ। फिलहाल मृतक चालक की पहचान और दुर्घटना के वास्तविक कारणों के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। ट्रक किन परिस्थितियों में अनियंत्रित हुआ, यह जांच का विषय है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही हादसे के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 बस्तर अंचल को प्रदेश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। ऐसे में यह हादसा एक बार फिर सुरक्षित वाहन संचालन और सड़क पर सतर्कता बरतने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

नवरात्रि समाप्त होते ही शराब दुकानों में शौकीनों की लगी कतार

जगदलपुर। नौ दिनों तक चले शक्ति की आराधना के पर्व शारदीय नवरात्रि के समापन और विजयादशमी पर्व के अगले ही दिन शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक का एक अलग ही नजारा देखने को मिला। नवरात्रि के दौरान देवी पांडालों में गूंजने वाले मंत्रोच्चार, भजन और घंटे-घड़ियालों की ध्वनि के शांत होते ही शहर की सरकारी शराब दुकानों के बाहर अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी। त्योहार के पावन दिनों में नौ दिनों तक संयम और सादगी भरा माहौल बनाए रखने के बाद जैसे ही पाबंदियां और व्रत के बंधन समाप्त हुआ शौकीनों का हुजूम सीधे शराब दुकानों की ओर रुख करता नजर आया। गौरतलब है कि नवरात्रि के दौरान धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल के चलते शराब की दुकानों में नौ दिन तक सन्नाटा पसरा रहा। लेकिन व्रत और अनुष्ठान के संपन्न होते ही दुकानों के शटर खुलते ही खरीदारों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। दुकानों के कई काउंटर्स पर स्थिति यह हो गई कि लोगों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। आबकारी विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार त्योहार के तुरंत बाद के इस एक दिन में दुकानों पर सामान्य दिनों के मुकाबले रिकॉर्ड तोड़ भीड़ और बिक्री दर्ज की गई।

पेज 13 के शेष

रथ की चपेट में आकर हुई मौत ...

कोपा कश्यप, पिता बागना, निवासी ग्राम खुरगुड़ा, बोदेनार तहसील लोहंडीगुड़ा के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 1 करोड़ मुआवजा प्रदान किया जाए। इसके साथ ही घायल व्यक्ति का पूरा इलाज मुफ्त कराने तथा 50 लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग रखी गई है। घायल व्यक्ति का एक पैर पूर्ण रूप से टूट गया है।

मुरिया दरबार में उठाएंगे ...

नाम पर आदिवासी बलि न चढ़ाए जाने और परंपराओं के हनन पर भी चिंता जताई गई। बैठक में प्रकाश ठाकुर संभागीय अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग, दिनेश यदु (ओबीसी महासभा संभाग अध्यक्ष), बलदेव मौर्य (सर्व आदिवासी समाज संरक्षक) बलराम मांझी (दशहरा समिति उपाध्यक्ष), रघुवंश यादव (यादव समाज अध्यक्ष), एनएस सेवता (गोंडवाना समाज के अलावा अनिल बघेल, इदेसिंह भारती, विजय कड़यिाम, आर.जी. दुग्गा, एनके नाग, गंगा नाग जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बस्तर जिला, गज्जो नाग, हिरमो मण्डावी संभागीय अध्यक्ष कोया कूटमा समाज, पप्पू राम नाग संभागीय अध्यक्ष धुरवा समाज, जगदीश चंद मौर्य (मुरिया समाज) राजेन्द्र मांझी, डेविड मांझी, कोसो होड़ी, नीलकंठ ठाकुर सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बाहर रैनी में मां दंतेश्वरी के ...

प्रतीक है। मान्यता के अनुसार, रथ को ग्रामीणों द्वारा छिपाया जाना और फिर राजा का उसे वापस लेने पहुंचना बस्तर की विशिष्ट सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। देवी-देवताओं के छत्र और डोलियों के साथ परंपरागत पदाधिकारी तथा ग्रामीण भी मौजूद रहे। नवाखाई की रस्म में खीर का भोग मां दंतेश्वरी को अर्पित किया जाता है। इसके बाद राजा और ग्रामीण एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

शहर के तीन कार्यक्रम में 4 घंटे ...

10 से दोपहर 2.30 बजे तक कार्यक्रम उपरांत राष्ट्रपति रवाना हो जाएंगी। उनके आगमन को लेकर 24 घंटे पहले से ही जगह-जगह सुरक्षा जवानों की तैनाती कर दी गई है। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। वीवीआईपी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहां छह सौ से अधिक जवान तैनात रहेंगे। राष्ट्रपति के प्रवास को देखते हुए एयरपोर्ट से लेकर सिरहासार भवन, दंतेश्वरी मंदिर व लालबाग क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि राष्ट्रपति के प्रवास को देखते हुए छह सौ से अधिक जवानों की तैनाती की गई है, जो इन क्षेत्रों में चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे।





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
23 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
21

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

रथ की चपेट में आकर हुई मौत पर मांगा एक करोड़ मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा पर्व के भीतर रैनी विधान में बुधवार रात रथ खींचने के दौरान चपेट में आया मृतक सुरगुड़ा के पटेलपारा निवासी 45 वर्षीय कोपाराम कश्यप के परिवार के लिए आदिवासी समाज ने 1 करोड़ मुआवजा मांगा है। वहीं किलेपाल निवासी 30 वर्षीय सुखराम मांडवी का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल के परिजन के लिए 50 लाख की मांग की गई है। मेकाज पुलिस चौकी के प्रभारी नेपाल गांगुली ने बताया कि प्रकरण दर्ज किया गया है। मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि घायल की हालत गंभीर है, जिसका ऑपरेशन किया जाएगा।

हरिभूमि फॉलोअप

सर्व आदिवासी समाज व ओबीसी महासभा की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा उपरांत मृतक के परिजनों को एक करोड़ व घायलों को 50-50 लाख देने की मांग की गई है। वहीं इस मुद्दे को जिला प्रशासन और दशहरा समिति के समक्ष पुरजोर तरीके से रखने की जिम्मेदारी दशहरा समिति के उपाध्यक्ष बलराम मांझी को दी गई है। मृतक ▶▶|शेष पेज 12 पर

दूसरे घायल का मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार







मुरिया दरबार में उठाएंगे बाढ़ का मामला

मुरिया दरबार के दौरान बस्तर संभाग की ज्वलंत समस्याओं तथा हाल ही के दिनों में इंद्रावती नदी में आई बाढ़ के कारण लगभग 600 मकानों के क्षतिग्रस्त होने के बावजूद उचित मुआवजा न मिलने के गंभीर विषय को भी दशहरा समिति के उपाध्यक्ष बलराम मांझी द्वारा मुरिया दरबार में प्रमुखता से उठाने की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में यह भी मांग की गई कि रथ खींचने वाले और रथ कारीगरों का नाम दर्ज करते ही उन पर बीमा नियम लागू हो तथा दुर्घटना की स्थिति में उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही, पेन (देवता) को लेकर आने वाले सभी व्यक्तियों के नाम भी विधिवत दर्ज किए जाएं। आस्था के ▶▶| शेष पेज 12 पर



बाहर रैनी में मां दंतेश्वरी के छत्र के साथ लौटा विजय रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा की ऐतिहासिक परंपराओं में शामिल बाहर रैनी की रस्म आज परंपरागत विधान के साथ संपन्न हुई। इस रस्म के साथ ही बस्तर दशहरा की रथ परिक्रमा का समापन हो गया। राजपरिवार के सदस्य कमलचंद्र भंजदेव कुम्हड़ाकोट में नवाखाई की रस्म निभाई, जिसमें राजा और ग्रामीणों ने साथ बैठकर नए फसल से तैयार खीर ग्रहण किया। यह परंपरा बस्तर की जनजातीय संस्कृति, लोक आस्था और राजपरिवार तथा ग्रामीणों के बीच सदियों पुराने संबंधों का ▶▶|शेष पेज 12 पर

सहभोज से मजबूत होता है राजा और प्रजा का रिश्ता

नवाखाई की रस्म केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का भी प्रतीक है। इस परंपरा में राजा का ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर खीर ग्रहण करना समानता, सहभागिता और पारंपरिक संबंधों की मजबूती को दर्शाता है। बस्तर दशहरा की यह अनूठी परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी पूरे श्रद्धाभाव के साथ निभाई जाती है।

दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मुरिया दरबार और आम सभा में शामिल होंगी

शहर के तीन कार्यक्रम में 4 घंटे रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 23 अक्टूबर को बस्तर प्रवास पर आ रहीं है। सुबह साढ़े 10 बजे मां दंतेश्वरी एरयपोर्ट पर आगमन होगा। वहां से वे सीधे बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगी। इसके बाद दशहरा पर्व की अंतिम रस्म मुरिया दरबार में उनका सीधे आदिवासी प्रतिनिधियों से संवाद होगा। उनका अंतिम कार्यक्रम लालबाग में जनसभा का है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के इन तीन कार्यक्रमों में राष्ट्रपति लगभग 4 घंटे रहेंगी। सुबह साढ़े ▶▶|शेष पेज 12 पर



राष्ट्रपति के बस्तर दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जगदलपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 23 अक्टूबर को बस्तर प्रवास को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। इसके तहत चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों को नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के तहत मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से 25 किलोमीटर की परिधि में 23 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक किसी भी प्रकार के ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह पाबंदी लगाई गई है। इसी क्रम में सुरक्षा घेरे को और अधिक सुदृढ़ करते हुए सिरहासार भवन एवं दंतेश्वरी मंदिर परिसर से 3 किलोमीटर के दायरे में भी सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक ड्रोन संचालन को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है।



एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
26 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को जगदलपुर में

छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.एस. मोहंती
MD, DM (Cardiology)
स्थानः- एम.पी.एम हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)
दिनांक 26.10.2026 (सोमवार), समय : दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
ESIC, CSEB, SECL से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-
9993309922/8109229030

Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in


हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & Presents
inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज
डॉ. हिमांशु द्विवेदी
(प्रधान संपादक)
हरिभूमि, आईएनएच
श्रीमती संगीता सिन्हा
विधायक बालोद
श्रीमती अनिला भेड़िया
विधायक डौंडीलोहारा
श्री कुंवर सिंह निषाद
विधायक गुंडरदेही
मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री
मा. भोजराज नाग
सांसद, कांकेर
जिला संवाद 2026
बालोद
छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष
पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यो एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर
कार्यक्रम - 23 अक्टूबर 2026, दिन शुक्रवार, समय - दोपहर 4.30 बजे
माहेश्वरी भवन गंजपारा,बालोद (छ.ग.)
श्री यशवंत जैन
प्रदेश महामंत्री भाजपा
श्री यजदत्त शर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष
लघु वनोपज (राज्य मंत्री)
श्री तोमन साहू
चेयरमेन राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी
एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद
श्री राकेश यादव
भाजपा विधानसभा बालोद प्रत्याशी
श्री वीरेंद्र साहू
पूर्व विधायक गुंडरदेही
श्री देवलाल ठाकुर
भाजपा प्रत्याशी डौंडीलोहारा
श्री कृष्णा दुबे
संयुक्त महामंत्री
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़
श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा
कलेक्टर, बालोद
श्री किरण गंगाराम चौहान
एस.पी., बालोद
श्रीमती प्रतिभा चौधरी
अध्यक्ष नगर पालिका बालोद
श्रीमती तारिणी चंद्राकर
अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद
श्री हेमन देशमुख
जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद
श्री चंद्रेश हिरवानी
जिला अध्यक्ष कॉंग्रेस बालोद
श्री तोरण लाल साहू
अध्यक्ष नगर पालिका दल्लीराजहरा
श्री यानेश साहू
अध्यक्ष नगर पालिका पलारी
श्री जयंत किरी
उद्योग पति वरिष्ठ समाज सेवी
श्री हरीश सांखला
अध्यक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स बालोद
डॉ प्रदीप जैन
चेयरमेन अरिहंत अकैडमी
डॉ राहुल अग्रवाल
अध्यक्ष IMA
श्री गोविंद वाधवानी
अध्यक्ष दल्लीराजहरा व्यापारी संघ
इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति बालोद के विकास को सुनिश्चित करेगी
MP TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh 24x7 | जनता TV
CG TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 225 | 478 | NEXT DIGITAL 812 | JioTV 1163

खबर संक्षेप

सीआरपीएफ 219वीं बटालियन ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस



कोण्टा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 219वीं बटालियन द्वारा इंजराम मुख्यालय में पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। द्वितीय कमान अधिकारी कर्मवीर सिंह यादव सहित उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन रखा। मुख्य अतिथि यादव ने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में जवानों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं सर्वोच्च बलिदान के इतिहास से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर बटालियन मुख्यालय में संचालित विशेष सामरिक प्रशिक्षण के पांचवें बैच का समापन हुआ। रेंज उप महानिरीक्षक राजेश पांडे के मार्गदर्शन एवं कमांडेंट पार्थ सारथी घोष के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण में कोंटा रेंज की विभिन्न बटालियनों के कुल 235 कार्मिकों ने सफलता प्राप्त की। जवानों को बारूदी सुरंग (आईईडी) की पहचान, हथियार संचालन, मानचित्र अध्ययन, जंगल युद्ध और अग्रिम अभियान चौकियों (एफओबी) की स्थापना का सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि यादव ने जवानों के अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह सामरिक कौशल चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कर्तव्य निर्वहन में सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर उप कमांडेंट काना राम चौधरी, चिकित्साधिकारी शशिकान्त चिनामाली सहित समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ ने ली समीक्षा बैठक, गोंदपल्ली के पंचायत सचिव निलंबित

पीएम आवास योजना में लापरवाही पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वालों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जनपद पंचायत कोंटा में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कार्यों में लापरवाही सामने आने पर ग्राम पंचायत गोंदपल्ली के सचिव माड़वी हड़मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर की इस कार्रवाई से पंचायत विभाग में जवाबदेही सुनिश्चित करने का संदेश गया है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए और इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

- ढोंडरा में निर्माणाधीन आवासों का औचक निरीक्षण, पंचायत कैफे की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश



कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने योजना के तकनीकी और वित्तीय पहलुओं की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को प्रथम किस्त का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर लिंकिंग और बैंक खातों के आधार प्रमाणीकरण की स्थिति की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। अधिकारियों और पंचायत सचिवों से हितग्राहीवार प्रगति रिपोर्ट लेकर लंबित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के बाद सीईओ ने जनपद पंचायत कोंटा की आवास शाखा का निरीक्षण किया। यहां पोर्टल ऑपरेटर के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खातों और आवश्यक विवरण को पोर्टल पर फ्रीज करने की प्रक्रिया की निगरानी की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि दस्तावेजों और बैंक संबंधी औपचारिकताओं के कारण हितग्राहियों को अनावश्यक परेशानी न हो। आवास योजना से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करते हुए पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत परखी

बैठक के बाद जिला पंचायत सीईओ सीधे ग्राम पंचायत ढोंडरा पहुंचे और वहां चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन मकानों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद पंचायत सचिव, आवास मित्रों और ग्राम रोजगार सहायकों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण में निर्धारित समय-सीमा का पालन किया जाए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को जल्द से जल्द पक्के मकान की सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान आवास निर्माण की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित मैदानी अमले को हितग्राहियों से समन्वय बनाए रखने और निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए।

पंचायत कैफे को बेहतर बनाने पर जोर

ढोंडरा प्रवास के दौरान सीईओ ने ग्रामीण आजीविका और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित पंचायत कैफे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कैफे की स्वच्छता, व्यवस्थाओं और सेवा स्तर का जायजा लेते हुए इसे अधिक सुव्यवस्थित, आकर्षक और गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। पंचायत कैफे को ग्रामीणों के लिए बेहतर जनसुविधा उपलब्ध कराने के साथ आजीविका संवर्धन के केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया। जिला प्रशासन की इस पहल के तहत एक ओर प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने पर ध्यान दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पंचायत स्तर पर योजनाओं की नियमित निगरानी और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

महिलाओं ने सिंदूर खेल मां को किया विदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल की बंगाली कॉलोनी में बंग सोशल एंड कल्चर एसोसिएशन द्वारा 63वें सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। बंगाली समुदाय में षष्ठी से दशमी तक मां दुर्गा को मायके आई हुई बेटी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि दशमी को मां अपने पति भगवान शिव के पास कैलाश लौट जाती हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा को ढोल-नगाड़ों, ढाक और शंख की गूंज के साथ भव्य शोभायात्रा में ले जाया गया। जल विसर्जन के इस भावुक क्षण में भक्तों की आंखें नम हो गईं, मानो अपनी ही बेटी को ससुराल विदा कर रहे हों। विजयदशमी पर बंगाली समुदाय की महिलाओं ने 400 वर्ष पुरानी 'सिंदूर खेला' की रस्म निभाई। विवाहित महिलाओं ने मां दुर्गा को सुहागिन रूप में सिंदूर अर्पित कर मिठाई खिलाई। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर पति की लंबी आयु, परिवार के सौभाग्य, सुख और समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने रदुर्गा मैया की जयश् के जयकारों के साथ एक-दूसरे को उत्सव की शुभकामनाएं दीं।

- किरंदुल में बंगाली समाज ने धूमधाम से मनाया 63वां शारदीय दुर्गा उत्सव



बंगाली समाज के लिए विजयादशमी भक्ति, आस्था और परंपराओं का अनूठा संगम रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष विपुल राय, सचिव विप्लव मलिक, कोषाध्यक्ष नील रतन घोष, सुभाष नंदी, सुकुमार हालदार, तपन हालदार, विमल सरकार, सपन कुमार साहा, प्राण गोविंद दास, अजय मंडल, विजय शाह, निताई पाल, रामकृष्ण मंडल, राकेश गोलदार, दीपक गोस्वामी और गोपाल सरकार सहित समिति के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

ओला इलेक्ट्रिक के नए शोरूम का भव्य शुभारंभ

बिजनेस साइट

जगदलपुर। बस्तर में पर्यावरण-अनुकूल (इलेक्ट्रिक) वाहनों के बढ़ते रुझान के बीच ओला इलेक्ट्रिक के अधिकृत विक्रेता हरि मोटर्स के नए शोरूम का भव्य शुभारंभ बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-16, गीदम मार्ग, स्वराज ट्रैक्टर विक्रय केंद्र के पास किया गया। इस अवसर पर ओला इलेक्ट्रिक के कंपनी अधिकारी कैस खान एवं कनाई रॉय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में नए प्रतिष्ठान एवं ओला इलेक्ट्रिक के विभिन्न प्रारूपों (मॉडलों) का अनावरण किया गया। इस दौरान ग्राहकों ने ओला एस1 एक्स, एस1 प्रो एवं रोडस्टर जैसे आधुनिक वाहनों को लेकर खासा उत्साह दिखाया। बड़ी संख्या में ग्राहकों, प्रमुख वित्त (फाइनेंस) कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं विक्रेता बिरादरी के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



शुभारंभ अवसर पर ग्राहकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली। पहले ही दिन ओला एस1 एक्स 3 किलोवाट की 3 गाड़ियों का बुकिंग एवं ओला रोडस्टर 3 किलोवाट की 1 गाड़ी का बुकिंग प्राप्त हुआ। इसके साथ ही ओला एस1 एक्स 3 किलोवाट के 1 वाहन की डिलीवरी भी हाथों-हाथ की गई।

हरि मोटर्स प्रबंधन ने बताया कि जगदलपुर में ओला इलेक्ट्रिक के नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ से बस्तर क्षेत्र के ग्राहकों को आधुनिक वाहनों की श्रृंखला के साथ-साथ बिक्री, सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के साथ पर्यावरण-अनुकूल वाहनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रदूषण मुक्त परिवहन को प्रोत्साहित करना है।

हरि मोटर्स ने जगदलपुर सहित पूरे बस्तर क्षेत्र के ग्राहकों को नए प्रतिष्ठान में आने और ओला इलेक्ट्रिक के आधुनिक वाहनों का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित किया है। ग्राहक यहां आकर अपनी पसंद के दुपहिया वाहनों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिष्ठान में वाहन की कीमत, फाइनेंस सुविधा, फीचर्स एवं बुकिंग संबंधी सभी जानकारियां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

फन फेयर में रशियन जलपरी को देखने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजमहल परिसर में 12 अक्टूबर से डिजनीलैंड मेला शुरु हो चुका है। यह मेला रोमांचित कर देने वाले झूलों, लाइव प्रदर्शन, बच्चों के खेलकूद और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ 6 नवंबर तक चलेगा। यह मेला बच्चों और बड़ो दोनों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। दशहरा के उपलक्ष्य में इस बार मेले में गत वर्ष के रोमांचक झूलों के साथ और अधिक मनोरंजन देने वाले झूलों को भी शामिल किया गया है। जिसमें छिपकली झूला, टोरा टोरा झूला, ग्राइंट फ्रिज झूला आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। पिछले बार मेला का मुख्य आकर्षण रहे एसी फिश टनल में इस बार लाईव रशियन जलपरी का नृत्य मेले के दर्शकों को देखने मिल रहा है। लंबे समय तक जल में श्वांस रोककर ये प्रशिक्षित रशियन कलाकार देखने वालों को रोमांच के चरम पर पहुंचा देते है। ये कलाकार मछली के रूप में अपनी कौशल कला दिखा रहीं है। मेले में इसके अलावा कई हाइटेक झूलें एवं एडवेंचर राइड्स भी उपलब्ध है। जिसमें हवाई झूला, ब्रेक डांस झूला, सुपर ड्रैगन झूला, हेलीकाप्टर झूला, हवाई टावर झूला, पहली बार मिक्सर झूला व पंखा झूला शामिल है।

- डिज्नीलैंड मेला में एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज झूले भा रहे दर्शकों को



लोगों की नजर डिजनीलैण्ड मीना बाजार के मुख्य द्वार पर पड़ रही है तो उसकी खूबसूरती हर किसी को अनायास आकर्षित कर रही है खासकर बच्चों को और भी ज्यादा। वहीं बाजार के अंदर प्रवेश करते ही वहां की खूबसूरती मनभावन तो है साथ ही एक से बढ़कर एक आधुनिक झूले, बच्चों के खास झूले, जलपरी शो, हॉरर हाउस सहित अनेक मनोरंजन के आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है तो इस मेला में जीवंत राशियाई इंसानी मछली की मनभावन करतब से हर किसी का दिल निहाल हो रहा है। इस अद्भुत मंजर को देखने लोग अब शाम ढलते ही अपनों के साथ बाजार का भरपूर आनंद ले रहे हैं।आयोजकों ने कहा कि शहरवासियों के स्नेह और सहयोग से इस बार हमने मेला को भव्यता देने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं ताकि जनता का भरपूर मनोरंजन हो सके।

इसी तरह मीना बाजार में देश भर के हेंडलूम क्रॉफ्ट का विशाल स्टॉल लगाया गया है जहाँ लोगों को उनकी मनपसंद चीजें मिलेंगी। इसमें विभिन्न प्रांत से आए विभिन्न धर्म के लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। स्वस्थ मनोरंजन, हेंडलूम स्टॉल के अतिरिक्त लजीज व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया गया है जिसमें गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा गया है। लोग अपनों के साथ मनभावन व्यंजनों का स्वाद चख रहे हैं। सभी स्टॉलों में स्टाल संचालक द्वारा आनलाईन पेमेंट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

मेला में मनोरंजन करने आए सम्मानीय लोगों को किसी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े इसके लिए विशाल पार्किंग के साथ ही अन्य समुचित व्यवस्था की गई है जिसमें हर दिशा में निगरानी के लिए दर्जनों सीसी टीवी कैमरे एवं फायर सेफ्टी इक्यूपमेंट की पूरी व्यवस्था की गई है। आगंतुको के प्रवेश के लिए एक एवं निकासी के लिए दो द्वार की व्यवस्था है इसके अलावा एक और आपातकालिन निकासी द्वार भी बनाया गया है।



दवा विक्रेता संघ का त्रिवार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला दवा विक्रेता संघ (दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा) के कार्यकाल वर्ष 2026-29 के लिए 24 अक्टूबर को गीदम स्थित सांस्कृतिक भवन में निर्वाचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शनिवार सुबह 11 बजे से प्रारंभ होने वाले इस आयोजन में तीनों जिलों के औषधि व्यवसायी और पदाधिकारी शामिल होंगे। तीन जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस संघ के चुनाव से संगठनात्मक व्यवस्था को गति मिलेगी और आपसी समन्वय मजबूत होगा।

- दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों के पदाधिकारियों का होगा चुनाव

दवा विक्रेता संघ औषधि व्यवसाय से संबंधित समस्याओं, चुनौतियों और आवश्यकताओं को सामूहिक रूप से शासन-प्रशासन के समक्ष रखने का सशक्त माध्यम है। संगठन के जरिए विक्रेताओं के हितों और आपसी सहयोग पर चर्चा की जाती है। ऐसे में नए कार्यकाल के लिए होने वाला यह निर्वाचन संगठन की भावी दिशा तय करने के लिहाज से बेहद अहम रहेगा।

इस आयोजन से संगठनात्मक एकता और सामूहिक जिम्मेदारियों को आगे बढ़ाने पर जोर रहेगा। संघ ने सभी सदस्यों से गीदम पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

